तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026




वनांचल के आचार्यों को मिला संस्कारयुक्त शिक्षा का ...

12



शौर्य चक्र विजेता भोजराम साहू का कलेक्टर...

10



## खबर संक्षेप

### वर्षा ऋतु में सर्पदंश उपचार की व्यवस्था मजबूत करने की मांग

**कुसुमकसा।** वर्षा ऋतु में सर्पदंश एवं बिच्छू के डंक की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बारिश के मौसम में किसान, मजदूर और ग्रामीण खेती-किसानी तथा जंगलों में कार्य के दौरान सर्पदंश और बिच्छू के डंक का अधिक शिकार होते हैं। समय पर उपचार, एंटी स्नेक वेनम एवं आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता नहीं होने से कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है और जनहानि तक की नौबत आ जाती है। नीलिमा श्याम ने मांग की है कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम सहित आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही आपातकालीन उपचार उपकरणों की व्यवस्था, स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण, 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं को सक्रिय रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश एवं बिच्छू के डंक से बचाव संबंधी जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यह विषय सीधे किसानों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इसलिए जिला प्रशासन जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध हो सके और उपचार के अभाव में किसी भी नागरिक की जान न जाए।

### डेढ़ महीने से अटका काम सीएम साय हेल्पलाइन 1076 से 6 घंटे में हुआ पूरा

**बालोद।** सुशासन की मिसाल बन रहे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से बालोद जिले के ग्राम बोरी निवासी टेमन लाल साहू की ढेड़ माह से हो रही एक समस्या का निवारण महज 6 घंटे के भीतर हो गया है। टेमन लाल साहू का विवाह तीन माह पूर्व हुआ था। वे अपने राशन कार्ड में नवविवाहित पत्नी का नाम दर्ज कराना चाहते थे, जिसके लिए तकनीकी नियमानुसार पत्नी के आधार कार्ड में पति का नाम और पता अपडेट होना अनिवार्य था। इस छोटे से सुधार के लिए टेमन लाल पिछले डेढ़ महीने से लगातार विभिन्न केंद्रों के चक्कर काट रहे थे। तकनीकी दिक्कतों और कई कोशिशों के बाद भी उनका काम नहीं हो पा रहा था, जिससे वे काफी निराश हो चुके थे। इसी निराशा के बीच टेमन लाल को बालोद डिस्ट्रिक्ट के सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से राज्य सरकार की सीएम हेल्पलाइन 1076 के बारे में पता चला। उन्होंने इस नंबर पर कॉल करके अपनी समस्या दर्ज कराई। हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होते ही जिले के ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने सीधे टेमन लाल से संपर्क किया शेष पेज 10 पर



# 104 साल से शिक्षा की अलख जगा रहा कुसुमकसा का ऐतिहासिक स्कूल, आज भी नए भवन का इंतजार

## केवल दो शिक्षकों के भरोसे चल रही प्राथमिक शाला, शिक्षकों पर बढ़ा पांच कक्षाओं का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

डोंडी विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम पंचायत कुसुमकसा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला पिछले 104 वर्षों से शिक्षा की अलख जगा रही है, लेकिन आज भी यह स्कूल नए भवन की प्रतीक्षा कर रहा है। जर्जर कवेलूयुक्त भवन में छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से नए सर्वसुविधायुक्त भवन के निर्माण तथा पुराने भवन को धरोहर के रूप में संरक्षित करने की मांग की है। वर्तमान में स्कूल में कुल 50 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें कक्षा पहली में 4, दूसरी में 9, तीसरी में 14, चौथी में 9 और पांचवीं में 14 विद्यार्थी शामिल हैं। जगह की कमी के कारण कक्षा चौथी और पांचवीं के 23 विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है, जबकि कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के 27 विद्यार्थियों की पढ़ाई एक अतिरिक्त कक्ष में एक साथ संचालित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय का मूल भवन पत्थर और चूने से निर्मित है। इसमें एक कमरा, बड़ा हॉल, आगे-पीछे बरामदा तथा प्रधानपाठक कक्ष था। समय के साथ दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण तो हुआ, लेकिन मूल भवन का जीर्णोद्धार कभी नहीं हो सका। भवन की ऊंची कवेलूयुक्त छत और मोटी दीवारें आज भी मजबूती का उदाहरण हैं, लेकिन बढ़ती जर्जरता के कारण चिंता भी बनी हुई है। विद्यालय के बालक शेष पेज 10 पर



### केवल अतिरिक्त कक्षों का निर्माण हुआ

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जनप्रतिनिधि नए भवन की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक केवल अतिरिक्त कक्षों का निर्माण हुआ है। मूल भवन के संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए स्कूल भवन का सपना अब भी अधूरा है। ग्राम के 90 वर्षीय वयोवृद्ध हमीरमल गुणधर ने बताया कि उन्होंने कक्षा पहली से चौथी तक की पढ़ाई इसी विद्यालय में की थी। वहीं 81 वर्षीय सीताराम पिस्दा ने भी इसी स्कूल से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। इससे इस विद्यालय का ऐतिहासिक महत्व भी उजागर होता है।पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि 104 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक भवन का जीर्णोद्धार कर इसे धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया स्कूल भवन बनाया जाए तथा विद्यालय में एक अतिरिक्त शिक्षक की शीघ्र पदस्थापना की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## अपराध : एक ही घर में दो पत्नियां, विवाद ने लिया खूनी मोड़

# पारिवारिक विवाद का खौफनाक अंत, सौतन की हत्या के आरोप में पहली पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

महिला ने घर में सो रही अपनी सौतन को मौत के घाट उतार दिया और देर रात खेतो की तरफ चली गई, सुबह पुनः घटना स्थल पर पहुंच गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। मामला बालोद थाना अंतर्गत है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेवारीकला में चिमन साहू की दो पत्नीयो के बीच वाद–विवाद होते रहता था। इस दौरान आपसी लड़ाई झगड़ा की स्थिति निर्मित हो जाती थी।

- सौतन की हत्या कर रातभर खेत में छिपी रही महिला

29 जून की रात ग्राम नेवारीकला निवासी चिमन साहू की पहली पत्नी अमृता साहू व दूसरी पत्नी दया व परिवार के अन्य सदस्य खाना खाकर सो गए। इसी दौरान देर रात 3 बजे चिमन साहू की आंख खुली तो उसने अपनी पहली पत्नी अमृता साहू को अपने पास नही पाया, जिसके बाद वह अपनी पहली पत्नी को घर में ढूढते हुए अपनी दूसरी पत्नी के कमरे तक पहुंचे, जहां उसकी दूसरी पत्नी दया बाई अचेत अवस्था में खून से लथपथ कमरे के अपने बिस्तर में पड़ी हुई थी, जिसे देखते हुए उनके होश उड़ गए तथा इसकी जानकारी आस पास के ग्रामीणो को दी, जिसके बाद उसने अपनी पहली पत्नी की खोजबीन शुरू की गई, जिनका आस पास कही पता नही चला।

वही सुबह होते ही चिमन साहू ने ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचकर उक्त मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस के साथ फॉरेसिंक टीम व डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंची तथा कमरे मे बिस्तर पर पड़े मृतिका महिला दया बाई साहू के शव का पंचनामा तैयार करने के साथ फॉरेसिंक टीम ने मृतिका के आस पास मौजूद सबूतो को एकत्रित करने का काम किया। जिसके बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। जहां पीएम होने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। इस बीच रात मे कथित रुप से घटना को अंजाम देने वाली महिला अमृता बाई रात भर घटना स्थल से गायब रहने के बाद सुबह पुनः घटना स्थल पर पहुंच गई, मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अमृता बाई अपनी सौतन दया बाई की कथित रुप से हत्या करने के बाद अपने खेत की ओर चली गई थी तथा रात भर खेतो की ओर थी। थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले मे जांच प्रारंभ कर दी गई है जांच के बाद ही हत्या के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।








## अवैध रेत-मिट्टी उत्खनन पर जिला टॉस्क फोर्स का शिकंजा, जेसीबी समेत 8 वाहन जब्त








हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स द्वारा 25, 26 एवं 27 जून को गुरूर व गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भैसमुंडी एवं धनगांव का औचक निरीक्षण संयुक्त टीम राजस्व विभाग, खनिज विभाग, पुलिस विभाग द्वारा किया गया।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खनिज रेत, मिट्टी (ईंट) के अवैध भण्डारण, परिवहन करते पाए जाने के कारण 01 जेसीबी व 02 ट्रेक्टर, महेन्द्रा युवो (मय ट्रॉली) तथा 02 ट्रॉली को जप्त कर थाना, आरक्षी केन्द्र अर्जुन्दा, मरकाटोला कैम्प, पुरूर के अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह खनिज विभाग द्वारा 30 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम रेंगाकठेरा एवं बघमरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज रेत, मिट्टी (ईंट) के अवैध उत्खनन, परिवहन करते पाए जाने के कारण 01 ट्रेक्टर (मय ट्रॉली) तथा 02 ट्रॉली को जप्त कर थाना, आरक्षी केन्द्र गुण्डरदेही के अभिरक्षा में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में भी खनिज जांच दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन व भण्डारणकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# नौकरी दिलाने का झांसा, महिला गिरफ्तार

## 25.50 लाख की ठगी का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि मुख्य सचिव छ.ग. शासन से पहचान बताकर लोगो को नौकरी लगाने का झांसा देती थी। आरोपीया के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक वीवो कंपनी का मोबाइल को जप्त किया गया। उस पर आरोप है कि उसने फर्जी ऑफर लेटर दिखाकर 03 लोगो से कुल 5,50,000 रूपए लेकर धोखाधड़ी की है।

- जांच में 7 लोगों से 25.50 लाख रुपये लेने का खुलासा

मरारपारा बालोद निवासी प्रार्थिया डामिन साहू ने पुलिस को बताई इनकी पहचान की अटल विहार कॉलोनी सिवनी बालोद निवासी बिंदु दुबे, ललिता गजेन्द्र हम तीनो करीबन डेढ़ वर्ष पहले हमारे पहचान के नयापारा बालोद निवासी योगेश साहू से मुलाकात हुआ, जिन्होंने हम तीनो को बताया कि उन्होंने कम्प्यूटर शिक्षक हाई स्कूल कनेरी में नौकरी लगाने के लिए पांडेपारा बालोद निवासी लता धीवर को 3,50,000 रूपए दिया हूं, यदि तुम लोगों को भी शासकीय नौकरी में लगना है तो लता धीवर से सम्पर्क कर लेना, तब मैं, बिंदु दुबे एवं ललिता गजेन्द्र 05 मार्च 2026 को लता धीवर के घर पाण्डेपारा बालोद में जाकर उनसे मुलाकात कर नौकरी के संबंध में चर्चा किए, जिन्होंने अपनी पहचान मुख्य सचिव छ.ग. शासन से होना बताकर मुझे कृषि विभाग में, बिन्दु दुबे को जिला अस्पताल बालोद में केयर टेकर एवं ललिता गजेन्द्र को जिला अस्पताल बालोद में दवाई वितरण की नौकरी लगाने के लिए प्रत्येक लोगों को 02–02 लाख रूपए लगेगा कहने पर रूपए की व्यवस्था कर कुछ दिनो में मैने 2,00,000 रूपए बिन्दु दुबे ने 1,50,000 रूपए एवं ललिता गजेन्द्र ने 2,00,000 रूपए नगद लता धीवर को को दिए, किन्तु उनके द्वारा हम तीनो को कोई नौकरी पर नहीं लगाकर हम तीनो से नौकरी लगाने के नाम पर कुल 5,50,000 रूपए लेकर धोखाधड़ी किए, जिसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर आरोपिया के विरूद्ध अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियां वार्ड क्र. 05 पाण्डेपारा बालोद निवासी लता धीवर पति आकाश धीवर 36 शेष पेज 10 पर

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जन मुक्ति मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन, पंद्रह दिन का अल्टीमेटम देकर सौंपा मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं और अधिकारों को लेकर मंगलवार को जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के बैनर तले बड़ी संख्या में श्रमिकों ने श्री जगन्नाथ इस्पात एवं विद्युत संयंत्र के मुख्य द्वार के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

- जन मुक्ति मोर्चा के बैनर तले जुटे श्रमिक, संयंत्र गेट पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर उठाई आवाज

प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाया तथा चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन से पूर्व जन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता और श्रमिक कृषि कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां से सभी श्रमिक संगठित होकर जुलूस के रूप में संयंत्र के मुख्य द्वार पहुंचे, जहां श्रमिकों ने समान कार्य के लिए समान वेतन, न्यूनतम मासिक वेतन 26 हजार रुपये, केंद्रीय वेतनमान लागू करने, रात्रिकालीन पाली भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार नारे लगाए। पूरे आंदोलन के दौरान श्रमिकों ने शांतिपूर्ण ढंग शेष पेज 10 पर

### ये हैं श्रमिकों की आठ प्रमुख मांगें

श्रमिकों ने रात्रिकालीन पाली भत्ता, कार्यस्थल तक आने-जाने के लिए वाहन भत्ता, भोजनालय एवं धूल भत्ता, बेहतर चिकित्सा सुविधा, पर्याप्त सुरक्षा उपकरण, भविष्य निधि की राशि समय पर जमा कराने, सुरक्षित वाहन पार्किंग की व्यवस्था तथा यूनियन के साथ हुए समझौते के अनुरूप श्रमिकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी। धरना-प्रदर्शन में जीत गुहा नियोगी, नवल चंद्राकर, जयसिंह दुग्गा, रोहित, ललित विश्वकर्मा, चंद्रशेखर यादव, ईश्वर भूआर्य, महेश कोला, सनातन सराफा, यादराम कोर्राम, पवन विश्वकर्मा, भोमराज, जीवन निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी श्री पात्रों का कहना है कि श्रमिकों द्वारा सौंपे गए मांगपत्र का गंभीरता से परीक्षण किया जाएगा। जिन मांगों पर कंपनी स्तर पर निर्णय संभव होगा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जबकि अन्य विषयों पर उच्च स्तर पर चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। कंपनी श्रमिकों के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखने के पक्ष में है।

श्रम विभाग के अधिकारी के अनुसार यदि श्रमिक संगठन की शेष पेज 10 पर

## बरसात में 20 परिवारों का संपर्क टूटने की आशंका

# स्वीकृति के तीन माह बाद भी शुरू नहीं हुआ पुलिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

वनांचल क्षेत्र के दौरे के दौरान संजारी–बालोद की विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ग्राम बरही नाला पहुंचीं, जहां उन्होंने जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

- विधायक संगीता ने जताई नाराजगी

स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ग्राम बरही के दुसरे पारा मे जाने के मुख्य मार्ग मे तीन माह पुर्व पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, मात्र पुराने रपटा तोड़कर गड्ढा कर छोड़ दिया गया है। जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। ग्रमीणों की शिकायत पर विधायक संगीता सिन्हा तत्काल निर्माण स्थल पर पहुंचीं और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में हुई देरी पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ किया जाए तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूरा किया जाए। विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा से जुड़े विकास कार्योंर् में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन से स्वीकृत कार्यों का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचना आवश्यक है। इधर ग्रामीणों ने हरिभूमि का बताया कि ग्राम से लगभग दो किलामीटर दुर स्थित बरही पारा मे 20 घर स्थित है, यहां लोग दशको से निवास कर रहे है। उस पारा के लोगों का पुरा कार्य मुख्य ग्राम से होता है, पुराने रपटा को तोड़ने से अब एक बार पानी गिरने पर उस पारा के ग्रामीणों का ग्राम में आना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि और कोई विकल्प नही है। पारा में एक प्राथ्मिक स्कुल भी है जहां पदस्थ दो शिक्षिका बाहर से आना जाना करती है, मार्ग बंद होने पर उनके स्कुल तक पहुंचना मुश्किल होगा। वहीं उस पारा के बच्चे पुर्व माध्यमिक व हाई स्कुल पढ़ने मुख्य ग्राम में आते है वह भी बाधित होगा। सरपंच ममता सिन्हा ने बताया कि पुल के लिए डीएमएफ निधि से जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहु के द्वारा 15 लाख स्वीकृत हुआ है, कार्य उपर से निर्धारित व्यक्ति द्वारा कराया जा रहा है। हमे ज्यादा जानकारी नही है। राशि पंचायत को प्राप्त हुई है, अभी राशि का आहरण नही किया गया है।






अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप




### उपमुख्यमंत्री को निगम की समस्याएं बताई

**भिलाई।** उपमुख्यमंत्री अरूण साव को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंप स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के निकायो में व्याप्त अधिकारी कर्मचारी की समस्याओं पर चर्चा किए। इस पर मंत्री ने विभागीय सचिव और संचालक को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बीएमएस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में अरूण साव उपमुख्यमंत्री से नवा रायपुर निवास कार्यालय में भेंट कर प्रदेश के नगर निगम, पालिका परिषद और नगर पंचायतों में व्याप्त अधिकारी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ के महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि निकायो में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने, 5 लाख का केशलेश इलाज, निकाय का नवीन सेट-अप जारी करने, छटवां व सातवां वेतनमान का एरियर्स प्रदान करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लम्बित राशि के भुगतान को शीघ्र करने, नियमित रूप से प्रति माह 7 तारीख का वेतन भुगतान करने, पदोन्नति जैसे मांगों को रखा गया। प्रतिनिधि मण्डल में हरिशंकर चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, विष्णु चन्द्राकर, दुर्गेश गुप्ता, रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा,कृष्णा देशमुख, नवीन साहू, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, विवेक रंगनाथ, सुमन गुप्ता, पूजा ताम्रकार, नंदिनी आदि उपस्थित थे।

### जलाराम लॉज में चल रहा था देह व्यापार, तीन पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित जलाराम लॉज में लंबे समय से देह व्यापार का अवैध कारोबार चल रहा था। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि इंदिरा मार्केट स्थित जलाराम लॉज में देह व्यापार चल रहा है। पुलिस की टीम ने वहां दबिश देकर लॉज से 2 पुरुष एवं 3 महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया। मौके से लॉज का संचालन करने वाला भी पकड़ा गया है। आरोपियों में विजय गुजराती, नारायण देशमुख, तमाशा कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 4 मोबाइल फोन, नगद 20,000 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 कंडोम पैकेट समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने आसपास किसी भी प्रकार की अनैतिक अथवा अवैध गतिविधि की जानकारी होने पर पुलिस को तुरंत सूचना दें। जिसकी पहचान पुलिस गोपनीय रखेगी।

**बैठक**

**स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।**

# शेष आवेदनों का अगली बैठक से पहले करें शत-प्रतिशत निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में सुशासन तिहार 2026 के दौरान प्राप्त आवेदनों के अंतर्गत निराकरण हेतु शेष रह गए आवेदनों की विभागवार समीक्षा की।

बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों के अंतर्गत निराकरण हेतु शेष रह गए आवेदनों का आगामी साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक के पूर्व शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मिश्रा ने जिले में खनिज पदाथोंर् के अवैध भण्डारण, परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व, खनिज एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को खनिज पदाथोंर् के अवैध भण्डारण, परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने मौजूदा खरीफ सीजन के मद्देनजर जिले में खाद, बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी से जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समय पर खाद, बीज की प्रबंध करने





में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों के लिए पर्याप्त मात्र में युरिया खाद उपलब्ध कराई जा रही है। इसे देखते हुए किसानों की आवश्यकता एवं पात्रता के अनुरूप उन्हें शत प्रतिशत युरिया खाद का वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बीज निगम के प्रबंधक से धान, बीज की उलपब्धता के संबंध में भी जानकारी ली तथा जिले में पर्याप्त मात्र में धान, बीज की भण्डारण एवं वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने सुशासन को जन–जन तक पहुँचाने और प्रत्येक पात्र परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को जिले में इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु विस्तृत योजना बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बिना रबड टायर के दोहरे पिंजरे वाले (आयरन केजीविल) ट्रेक्टर के सड़कों पर उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, तहसीलदारों तथा पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को जिला प्रशासन द्वारा जुलाई 2026 में आयोजित की जाने वाली वृहद वृक्षारोपण अभियान हेतु वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत सभी विभागों के अलावा जिले के स्वयं सेवी तथा शासकीय–अशासकीय संस्थानों सहित समाज के सभी वगोंर् के सहभागिता से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण किए जाने की भी जानकारी दी। मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारियों से किसानों को शासन के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में जिले के किसानों के पंजीयन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पंजीयन हेतु शेष रह गए किसानों का शत प्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज संस्था न्यास निधि के अंतर्गत 2025–26 के स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं तक के पहुंच का मरम्मत एवं अन्य जरूरी निर्माण कार्यों को पूरा कर समुचित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

## शौर्य चक्र विजेता भोजराम साहू का कलेक्टर ने किया सम्मान



**बालोद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से शौर्य चक्र से सम्मानित होने वाले जिले के वीर जवान भोजराम साहू का कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित अपने कक्ष में शॉल एवं पौधा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ढोर्रीठेमा निवासी असम रायफल्स के जवान भोजराम साहू की अदम्य वीरता एवं कर्तव्य परायणता की भूरी–भूरी सराहना की। मिश्रा ने कहा कि साहू की गौरवपूर्ण उपलब्धि से हमारा बालोद जिला गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर ने भोजराम साहू की देश प्रेम एवं अदम्य वीरता को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। उल्लेखनीय है कि असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू को यह सम्मान वर्ष 2025 में मणिपुर के टेंगनौपाल क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में दिखाए गए अदम्य साहस के लिए मिला है। अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर अचानक हमला कर दिया था। ऐसी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भोजराम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़कर मोर्चा संभाला। उन्होंने बेहद नजदीक से आतंकियों पर जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान उन्हें एक गोली भी लगी, लेकिन घायल होने के बावजूद वे पीछे नहीं हटे और अपनी जिम्मेदारी पर डटे रहे। उनके इस अदम्य साहस ने अभियान को सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

**बालोद में रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के विरोध में सेन समाज का प्रदर्शन, दोषियों को सजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नाबालिग छात्र से दुष्कर्म मामले में सेन समाज मे आक्रोश व्याप्त है। समाज पूरे छत्तीसगढ़ में एकजुट विरोध करते हुए बालोद में विशाल प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया तथा दोषियों के लिए फांसी की मांग की गई।

- स्कूल प्रबंधन की उच्चस्तरीय जांच और त्वरित न्याय

बिलासपुर जिले के सेंट जेवियर्स स्कूल में सेन समाज की एक मासूम नाबालिग छात्र के साथ हुए कथित दुष्कर्म के मामले ने पूरे छत्तीसगढ़ में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। इस जघन्य घटना को लेकर सेन समाज ने प्रदेशव्यापी विरोध दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई और पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। 30 जून को सर्व सेन समाज जिला बालोद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के आह्वान पर जिले के कई सैलून एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे। आंदोलन में सेन समाज, महिला सेन समाज, सैलून संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, शामिल हुए। जिला सेन समाज के मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन ने बताया कि यह विरोध केवल बालोद तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में सेन समाज एकजुट होकर न्याय की लड़ाई लड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि समाज अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि त्वरित और प्रभावी न्याय चाहता है तथा यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा यह घटना सिर्फ एक बेटी के साथ हुआ अपराध नहीं है, बल्कि हमारे पूरे समाज की आत्मा पर आघात है। जिस शिक्षा के मंदिर में माता–पिता अपनी बेटियों को सुरक्षित भविष्य के लिए भेजते हैं

वहां ऐसा घिनौना कृत्य बर्दाशत से बाहर है। स्कूल प्रबंधन की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो। यदि प्रबंधन ने मामले को दबाने, लापरवाही बरतने या तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया है तो उनके विरुद्ध भी कठोर वैधानिक कार्रवाई करते हुए स्कूल की मान्यता रद्द की जाए। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, सेन समाज का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। महिला सेन समाज जिला अध्यक्ष ममता सेन ने कहा एक मां और समाज की जिम्मेदार सदस्य होने के नाते यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है। हमारी बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि शिक्षण संस्थानों में भी बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं तो यह पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस प्रदर्शन में जिले से सेन समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, रामकुमार श्रीवास, ममता सेन, छन्नू लाल सेन, सेतु राम शांडिल्य, राजेश्वर सेन, अशोक भारद्वाज, टुमन सेन, उमेश सेन, रवि सेन, कृष्ण कुमार सेन, छोटू कौशिक, नारायण सेन, रूपेंद्र सेन, कुमेश सेन, प्रकाश भारद्वाज, ढालू भारद्वाज, द्वारिका शांडिल्य, मुकेश कौशिक, विक्की भारद्वाज, गजेंद्र श्रीवास, नंदू भारद्वाज, जनक कौशिक, पदुम कौशिक, ऋषि सेन, माहेश्वरी सेन, मंजू कौशिक, प्रेमलता सेन, गीता कौशिक, ज्ञानिका सेन सहित बालोद, गुरुर, गुंडरदेही, अजुंर्दा, द्वारिका सेन लोहारा, देवरी, दल्लीराजहरा एवं डौंडी ब्लॉक से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल कर्मचारी आधे मानदेय पर कर रहे काम




**भिलाई।** सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल में जीवनदीप समिति के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को पिछले दो माह से केवल आधा मानदेय दिया जा रहा है। वेतन में कटौती से नाराज कर्मचारियों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में जीवनदीप समिति के तहत 39 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों का मासिक मानदेय 10,800 रुपए निर्धारित है, लेकिन अप्रैल माह से फंड की कमी का हवाला देते हुए उन्हें केवल 5,400 रुपए का भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि आधे वेतन में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, घर का किराया, राशन और अन्य जरूरी खर्चों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। उनका आरोप है कि वेतन संबंधी शिकायत करने पर नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है। आर्थिक तंगी और अनिश्चितता से परेशान कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि उनका पूरा मानदेय नियमित रूप से दिलाया जाए तथा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। अब कर्मचारियों की निगाह जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### बजट की प्रयोग करने में अनियमितता का आरोप

यह कर्मचारी पहले 5 से 8 हजार रुपए मानदेय पर कार्य कर रहे थे। अगस्त 2025 में हुए जीवनदीप समिति की बैठक में 39 कर्मचारियों का मानदेय 10 हजार 800 रुपए देने की व्यवस्था लागू की गई। फिर अचानक अप्रैल 2026 से कर्मचारियों को 5 हजार 400 रुपए का मानदेय दिया जा रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जब 39 कर्मचारियों को मानदेय देने में जीवनदीप समिति को परेशानी हो रही है तो बिना किसी अनुसंशा के वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फिर से 15 से 20 कर्मचारी क्यों को रखा गया। इस तरह से जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी को संख्या लगभग 60 हो गई है।

## फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर 15 लाख में जमीन बेचने की साजिश, दो फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर जमीन बिक्री करने वाले फरार 02 आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से नगदी 7,000 रूपये एवं घटना में उपयोग किये मोबाईल को जप्त किया गया। पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार आरोपीगण में ग्राम परसोदा थाना बालोद निवासी हरिशंकर गजभिये पिता स्व.सुकलाल गजभिये 48 वर्ष व ग्राम सिकोसा निवासी श्रवण साहू पिता जोहत राम साहू 47 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। वही पूर्व में गिरफ्तार आरोपी ग्राम खैरतराई थाना बालोद निवासी नरेन्द्र बहादुर सोनी पिता चन्द्रबहादुर सोनी को गिरफ्तार किया जा चूका है। मामले मे लाटाबोड निवासी आवेदक डमेन्द्र कुमार गंजीर ने पुलिस को बताया कि स्वयं के स्वामित्व/नाम पर ग्राम लाटाबोड पटवारी हल्का नम्बर 10 में भूमि खसरा नम्बर



355/1 रकबा 0.62 हेक्टेयर (1.55 एकड) एवं भूमि खसरा नम्बर 239/2 रकबा 0.020 हेक्टेयर (5 डिसमिल) इस प्रकार कुल 1 एकड 60 डिसमिल कृषि भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक 4088086 डमेन्द्र कुमार के नाम पर तहसील कार्यालय बालोद से जारी हुआ है। आरोपी हरिशंकर गजभिये पिता सुकलाल गजभिये निवासी ग्राम परसोदा थाना बालोद एवं नरेन्द्र बहादुर सोनी पिता चन्द्रबहादुर सोनी निवासी ग्राम खैरतराई थाना बालोद दोनो मिलकर डमेन्द्र कुमार गंजीर की उक्त भूमि का फर्जी ऋण पुस्तिका क्रमांक 4088086 तैयार कर 24 अप्रैल .2026 को विनोद कुमार वर्मा एवं उसकी पत्नि कमला वर्मा निवासी ग्राम देवारभाट के पास जाकर हरिशंकर गजभिये ने स्वयं को जमीन का मालिक डमेन्द्र कुमार गंजीर होना बताकर एवं अपने साथी नरेन्द्र बहादुर सोनी के साथ मिलकर उक्त जमीन को 15 लाख रूपये में बिक्री करने का सौदा कर कमला वर्मा से 1,50,000 रूपये बयाना राशि प्राप्त कर इकरारनामा तैयार कर जमीन ऋण पुस्तिका को कमला वर्मा को दिया है। मामले मे धारा 318 (4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 3(5) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी नरेन्द्र बहादुर को गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायिक रिमांड पर गया है, प्रकरण के अन्य आरोपी ग्राम परसोदा थाना बालोद निवासी हरिशंकर गजभिये पिता स्व.सुकलाल गजभिये 48 वर्ष व ग्राम सिकोसा निवासी श्रवण साहू पिता जोहत राम साहू 47 वर्ष को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## संयुक्त यूनियन ने शुरू किया सेक्टर-9 अस्पताल बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ आज सोमवार जून से संयुक्त यूनियनों द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के स्थायी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिजनों के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत विभिन्न विभागों, टाउनशिप और आवासीय क्षेत्रों में पर्चे वितरित किए जा रहे हैं तथा छोटे-छोटे समूहों में बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। यूनियन ने प्रबंधन से भी सवाल किया है कि जब अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और वह हजारों परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार है, तो उसे निजी हाथों में सौंपने की आवश्यकता आखिर क्यों पड़ रही है।

- सर्वसुविधायुक्त अस्पताल को निजी हाथों में क्यों सौंपा जा रहा है



उल्लेखनीय है कि बीएसपी के सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस,एक्टू स्टील वर्कर्स यूनियन ने संयुक्त रूप से निजीकरण नहीं करने की मांग करते हुए मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने का ऐलान किया था। अभियान के दौरान यूनियनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने संयंत्र के विभिन्न विभागों और टाउनशिप में लोगों से मिलकर बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके परिवारों की जीवन सुरक्षा का आधार है। अस्पताल का सार्वजनिक स्वरूप बनाए रखना केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के नागरिकों का साझा हित है। भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ की 80 वीं स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों का औसत जेब से खर्च मात्र 6,631 रुपए है, जबकि सभी प्रकार के अस्पतालों में यह औसत 34,064 रुपए तक पहुंच जाता है। सार्वजनिक अस्पताल आम लोगों को महंगे इलाज के आर्थिक बोझ से बचाते हैं।

## पेज 9 के शेष

### 104 साल से शिक्षा की अलख ...

पूर्व माध्यमिक शाला में मर्ज होने के बाद प्रधानपाठक का पद समाप्त हो गया और वर्तमान में केवल दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। इनमें से एक शिक्षिका संकुल स्तर के प्रशासनिक कार्यों एवं डाक व्यवस्था में व्यस्त रहती हैं, जिससे दोनों शिक्षकों पर पांच कक्षाओं की पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव बना रहता है।

### आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ..

से अपनी मांगों को उठाते हुए प्रबंधन से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कंपनी के वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि मंडल को कंपनी की ओर से अधिकारी पात्रो ने चर्चा के लिए बुलाया। पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में बसंत रावटे, महेंद्र कुमार गंजिर, रूपा साहू, शत्रुधन साहू तथा ईश्वर निर्मलकर शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी को आठ सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए स्पष्ट किया कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर मांगों पर ठोस पहल नहीं हुई तो आगामी रणनीति के तहत आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये हैं श्रमिकों की ...

ओर से औपचारिक शिकायत अथवा आवेदन प्राप्त होता है तो संबंधित श्रम कानूनों के तहत पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। यदि किसी प्रकार की श्रमिक हितों की अनदेखी या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संयंत्र में कार्यरत उपस्थित श्रमिकों का कहना है कि लंबे समय से वेतन, भत्तों, सुरक्षा उपकरणों और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। उनका मानना है कि श्रमिकों की जायज मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय होने से औद्योगिक वातावरण बेहतर होगा तथा श्रमिक अधिक उत्साह और सुरक्षा के साथ कार्य कर सकेंगे। श्रम मामलों के जानकारों का कहना है कि किसी भी औद्योगिक इकाई में श्रमिक और प्रबंधन के बीच नियमित संवाद तथा श्रम कानूनों का प्रभावी पालन औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक है। बातचीत और सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान सभी पक्षों के हित में होता है।

### डेढ़ महीने से अटका काम ...

और उनके आवश्यक दस्तावेज लेकर कार्रवाई शुरू की। प्रशासनिक तत्परता और संवेदनशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस काम के लिए हितग्राही डेढ़ महीने से परेशान था, वह मात्र 06 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। आधार कार्ड में सुधार होने के बाद अब टेमन लाल अपनी पत्नी का नाम राशन कार्ड में आसानी से दर्ज करा सकेंगे, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। अपनी खुशी और राहत साझा करते हुए टेमन लाल साहू ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 हम जैसे आम लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। जहां महीनों से काम अटका हुआ था, वहां सिर्फ एक कॉल से कुछ ही घंटों में समाधान मिल गया। उन्होंने जिले के अन्य नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रशासनिक समस्या या काम में देरी होने पर सीएम हेल्पलाइन 1076 का लाभ जरूर उठाएं।

### नौकरी दिलाने ...

वर्ष से पुछताछ करने पर बताई कि अपने साथी के साथ मिलकर प्रकरण के पीड़ित 07 लोगो को नौकरी लगाने के नाम पर कुल 25,50,000 रू प्राप्त कर अपने साथी द्वारा दिये बैंक खाता धारकों के बैंक खाता में आरोपियां ने कुल 23,92,500 रू ट्रांसफर करना कि व जिसके एवज में आरोपियां को 1,57,000 रू कमीशन राशि प्राप्त हुआ है। पुछताछ पर आरोपी लता धीवर द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाए जाने से 29 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**खबर संक्षेप**

### एक ही परिवार के दो बेटे देश सेवा में, दुर्गेश बने अग्निवीर व बड़े भाई सीआरपीएफ में



**बालोद।** ग्राम नवागांव डुं निवासी कुंभकरण साहू के दुसरे बेटे दुर्गेश कुमार साहू का चयन भारतीय थल सेना अग्निवीर के रुप मे हुआ है। कुंभकरण साहू के दो बेटे है और दोनो बेटे अब देश सेवा मे है। दुर्गेश कुमार के प्रशिक्षण के लिए जाने के पुर्व पिता कुंभकरण साहू माता दुलेश्वरी साहू, बड़े पिता गौतम साहू, बड़ी मां सहित रिश्तेदारो एवं ग्रामीणो ने बाजे गाजे के साथ स्वागत सम्मान करते हुए विदाई दी। पिता कुंभकरण साहू ने बताया कि लगभग एक वर्श पूर्व ही बड़े बेटे भूपेन्द्र साहू का चयन सी.आर.पी.एफ में हुआ है जो दो माह पहले ही अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर जम्मू कटरा के वैष्णो देवी में देश सेवा के लिए तैनात है। माता पिता ने कहा कि उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि उनके दोनो बेटो का चयन देश सेवा के लिए हुआ है। ग्रामीणो ने कहा उनका चयन ग्राम के अन्य नौजवानो के लिए प्रेरणा बनेगा। प्रशिक्षण के लिए रवाना होने के दौरान माता, पिता, रि"तेदार सरपंच उशा साहू, कुलदीप साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** छात्रावास में रहने वाले एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि पंडरिया जिला कबीरधाम निवासी निखिल पौसार्य साईं महाविद्यालय सेक्टर 6 में बीएससी बायो का प्रथम छात्र था। जो भिलाई में रहकर पढ़ाई करता था। साल भर से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप बने महाराणा प्रताप भवन के छात्रावास में रहता था। रविवार की सुबह निखिल अपने कमरे से बाहर नहीं निकलने पर संदेह होने पर अन्य छात्रो ने पुलिस को सूचना दी। कमरा का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश करने पर निखिल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। निखिल के आत्महत्या का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### स्कूटी और बुलेट में टक्कर एक की मौत तीन घायल

**भिलाई।** काम से घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। हादसे में तीन अन्य लोग भी घायल हैं। घटना रविवार देर रात अमलेश्वर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि पाहंदा रोड तिराहे पर स्कूटी और बुलेट की आमने-सामने टक्कर हो गई। स्कूटी सवार सभी युवक सड़क पर गिर गए। स्कूटी में एक किशोर, राहुल व यश शर्मा सवार थे। तीनों रुद्र विहार में मंदिर निर्माण का काम करते हैं। रविवार रात काम खत्म कर रायपुर से उदय विहार की ओर लौट रहे थे। तभी पहंदा सड़क के पास तिराहे पर उनकी स्कूटी की बुलेट से आपस में टक्कर हो गई। हादसे में ब्राह्मण पारा, रायपुर निवासी 24 वर्षीय यश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को वाहन से अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने यश शर्मा को मृत घोषित कर दिया। स्कूटी पर सवार किशोर और राहुल को भी चोटें आई हैं।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम, जाति कंवर निवासी आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेतागण श्री विष्णु प्रसाद आ. अगराहीज जाति हल्बा एवं तामेश्वरी पिता अगराहीज जाति हलबा साकिन ग्राम मुढिया पो. भीमकन्हार तह मार्री बंगला देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ के मालिकाना हक व स्वामित्व की कास्तकारी भूमि खसरा नं. 38/1, 107/2, 109/3, 959/1, 994/1, 994/3, 1012/0 रकबा क्रमशः 1.31, 0.04, 0.02, 0.20, 0.51, 0.16, 0.1 कुल रकबा 07 हेक्टेयर कुल खसरा 28. 52 हेक्टेयर ग्राम मुढ़िया प.ह.नं, राजस्व निरीक्षक मण्डल सुरेगाँव वह मार्री बंगला देवरी जिला बालोद में स्थित 19 भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याने कि बड़ी रकम दी गई हैं, सौदा शुदा भूमि का विक्रय पंजीयन मात्र शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 29-06-2026

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष**
**जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव**
**ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव**
**पिन कोडः 491441**
**मो : 9424126898**

**आयोजन : हजारों श्रद्धालुओं की आस्था से आलोकित हुई लौह नगरी**

# एक हजार एक दीपों की महाआरती के साथ धूमधाम से मनाई सतगुरु कबीर साहेब जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्लीराजहरा में मानिकपुरी पनिका समाज नगर इकाई द्वारा सतगुरु कबीर साहेब की जयंती श्रद्धा, सेवा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दिनभर चले धार्मिक एवं सेवा कार्यों में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ नगरवासियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सतगुरु कबीर साहेब का जीवन और उनके विचार आज भी समाज को सत्य, समानता, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखा रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ जैन भवन चौक में सतगुरु कबीर साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद समाज द्वारा हजारों श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के लिए प्रसादी स्वरूप गर्म पोहा, चना तथा मीठे शरबत का वितरण किया गया। सुबह से दोपहर तक प्रसाद ग्रहण करने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सेवा कार्य का दायित्व निभाया। नगर इकाई के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने कहा कि सतगुरु कबीर साहेब केवल संत नहीं, बल्कि युगदृष्टा







समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने दोहों और वचनों के माध्यम से जाति-पांति, ऊंच-नीच, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए मानवता, समानता और सत्य का संदेश दिया। उनका जीवन आज भी समाज को आत्मचिंतन, सदाचार और भाईचारे की प्रेरणा देता है। संध्या होते ही कबीर मंदिर परिसर दीपों की अलौकिक रोशनी से जगमगा उठा। समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों की उपस्थिति में एक हजार एक दीप प्रज्वलित कर भव्य महाआरती की गई। /"साहेब बंदगी/" के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालुओं ने सतगुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलने, नशामुक्त समाज के निर्माण, सत्य, सेवा, करुणा और मानवता को जीवन में अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि कबीर साहेब किसी एक समाज या पंथ तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके विचार सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज के दौर में उनके संदेश सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर नगर इकाई के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने नगरवासियों को सतगुरु कबीर साहेब जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी समाजजनों, महिलाओं, युवाओं तथा स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज भविष्य में भी सेवा, शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

**ये रहे उपस्थित** कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष दुलार दास, कोषाध्यक्ष तनुश्री सुमरन दास, गणेश दास, दुर्योधन दास, कुंज मानिकपुरी, गौरी मानिकपुरी, पिंगला दास, लक्की दास, कन्हैया दास, दयाल दास, शैलेन्द्र दास, तीर्थ दास, संतोष दास, रमेश दास, नागेश दास, महंत सागर दास, गजेन्द्र दास, केवल दास, तुलेश्वरी मानिकपुरी, लता दास, नरेंद्र दास, मृणाल दास, खिलेंद्र दास, मीना दास, नूतन दास, कुमारी बाई, पूर्णिमा दास, पूनम दास, धनेश्वरी, रितु दास, संतोषी दास सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

**आज लागू होगी वीबी-जीरामजी योजना**

# ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को आजीविका और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा आगामी 01 जुलाई से लागू की जा रही वीबी जी राम जी (विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण) योजना को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला स्तर पर लगातार प्रशिक्षण, बैठकें और ग्राम सभाएं आयोजित कर ग्रामीणों को योजना के विभिन्न प्रावधानों एवं लाभों की जानकारी दी जा रही है।

वीबी–जीरामजी योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को रोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार सृजन के साथ–साथ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करना है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायत स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार के अधिकार को और मजबूत करता है।

इसके अंतर्गत अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी–रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। यदि मांग के बावजूद समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता देना राज्य सरकार की बाध्यता होगी। मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा भी दिया जाएगा। कार्य योजनाएं ग्राम सभा के माध्यम से तैयार होंगी, जिससे ग्राम स्तर पर निर्णय और पारदर्शिता बढ़ेगी।

जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्योंर् को प्राथमिकता दी जाएगी। मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्य पूरी तरह सुरक्षित हैं और नए अधिनियम के लागू होने से रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे। राज्य शासन इस अधिनियम के द्वारा ग्रामीण रोजगार, आजीविका, पारदर्शिता और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है जिससे ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनेंगे।

# समयमान वेतनमान पर शिक्षक फेडरेशन की आपत्ति, पहले त्रिस्तरीय लाभ फिर विकल्प की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी क्रमोन्नति योजना एवं समयमान वेतनमान के संबंध में विकल्प प्रस्तुत करने के आदेश पर गंभीर आपत्ति जताई है। फेडरेशन का कहना है कि सहायक शिक्षक संवर्ग के लिए त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत ही नहीं हुआ है, ऐसे में उनसे समयमान अथवा क्रमोन्नति का विकल्प भरवाना न्यायोचित एवं व्यावहारिक नहीं है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को ज्ञापन भेजकर विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाने तथा पहले सहायक शिक्षकों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने की मांग की गई है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं जिला सचिव गिरीश देवांगन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 9 जून 2026 को जारी आदेश में प्रचलित क्रमोन्नति योजनाओं को वित्त विभाग की समयमान वेतन योजना में समाहित करने का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन का कहना है कि यह आदेश सहायक शिक्षक संवर्ग की सेवा शर्तों और पूर्व में जारी शासनादेशों के अनुरूप नहीं है। सहायक शिक्षक संवर्ग के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में स्वीकृत क्रमोन्नत वेतनमान और समयमान वेतन योजना के बीच आवश्यक संशोधन या त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान की स्वीकृति कभी जारी नहीं की गई। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के 10 मार्च 2017 के आदेश के अनुसार 10 एवं 20 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति का प्रावधान किया गया था। वर्तमान में यदि सहायक शिक्षक क्रमोन्नति योजना का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह तृतीय उच्चतर वेतनमान का लाभ नहीं मिल सकेगा। वहीं यदि वे समयमान वेतनमान का विकल्प चुनते हैं तो यह भी संभव नहीं है, क्योंकि सहायक शिक्षक संवर्ग के लिए त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान आज तक स्वीकृत ही नहीं किया गया है। इसके विपरीत उच्च वर्ग शिक्षक, व्याख्याता एवं प्राचार्य संवर्ग को समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व से ही प्राप्त है। फेडरेशन का कहना है कि समयमान वेतनमान के लाभ के लिए सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति की तिथि से की जाती है। इसलिए बिना त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किए सहायक शिक्षकों से विकल्प भरवाना उनके हितों के विपरीत है और भविष्य में उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शासन से मांग की है कि सहायक शिक्षक संवर्ग के लिए पहले त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किया जाए, उसके बाद ही विकल्प प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। साथ ही विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सभी कर्मचारियों को न्यायसंगत अवसर प्रदान किया जाए।

### आज से सजेगी 'कोसा एंड कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़' प्रदर्शनी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग हाथकरघा प्रभाग जिला हाथकरघा बालोद द्वारा 01 जुलाई से 07 दिवसीय कोसा एण्ड कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 'सी मार्ट' बालोद में शुभारंभ किया जा रहा है। हाथकरघा विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेश के उत्कृष्ट बुनकर शिल्पकारो, कारीगरों द्वारा हाथकरघा से निर्मित कलात्मक कोसा एवं सूती वस्त्रें का प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रदर्शनी में प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा जिले के कोसा वस्त्र जिसमें कोसा साड़ी, कोसा सलवार शूट, कोसा –पट्टा, कोसा साल, कोसा जॉकेट, कोसा शूटिंग तथा बालोद, राजनांदगाँव, दुर्ग, रायपुर जिले के कॉटन वस्त्रें में कॉटन साड़ी, चादर (डबल बेड, सिंगल बेड), हनीकम्ब टॉवेल, नेपकीन, रूमाल, दरी, लूंगी, गमछा, पर्दा आदि का संग्रह लेकर बुनकर सहकारी समिति के प्रतिभागी उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी सुबह 09 बजे से रात 09 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा।

**ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग**

# ओवरलोड भूसा गाड़ी बनी मुसीबत, घंटों उड़ता रहा भूसा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गुण्डरदेही–कांदुल रोड पर ओवरलोड भूसा गाड़ी का त्रिपाल फट गया, जिससे भूसा सड़क पर घंटों उड़ता रहा। जिसके कारण राहगीरों की आंखों में भूसा घुसा तथा वाहन व पैदल चलना मुश्किल हो गया। प्रशासन की अनदेखी से बढ़े हादसे हो रहे है।



गुण्डरदेही से कांदुल–राजनांदगांव मार्ग पर मंगलवार दोपहर 12 एक ओवरलोड भूसा गाड़ी जिसमे डाला बॉडी से करीब 2 फीट बाहर तक लदे भूसे से भरी इस गाड़ी का त्रिपाल फटते ही सड़क पर भूसा बिखर गया। तेज हवा के कारण 2–3 घंटे तक भूसा उड़ता रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उड़ते भूसे के कारण बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोगों की आंखों में लगातार भूसा घुसता रहा। कई मोटर साइकिल चालक संतुलन बिगड़ने से गिरते–गिरते बचे। पैदल चलना भी दूभर हो गया था। आंखों में जलन और दिखना बंद होने से कई राहगीर सड़क किनारे रुकने को मजबूर हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजनांदगांव, धमतरी और बालोद जिले से होकर रोजाना सैकड़ों ओवरलोड भूसा गाड़ियां गुजरती हैं। ये गाड़ियां क्षमता से कई गुना ज्यादा डाला से बाहर तक भूसा लादकर परिवहन करती हैं। ऊपर से बंधा तिरपाल भी अक्सर कमजोर या फटा हुआ होता है।

इसके बावजूद पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। राहगीरों ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। पहले भी कई बार भूसा आंख में जाने से लोगों की आंखों की रोशनी तक प्रभावित हो चुकी है। लोगों ने मांग की है कि ओवरलोड भूसा परिवहन पर तुरंत रोक लगे और नियम तोड़ने वाले वाहन मालिकों पर कड़ी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

# खनिज नियमों में बड़ा बदलावः अवैध उत्खनन पर अब न्यूनतम 25 हजार का जुर्माना

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग के द्वारा गौण खनिज नियमों के परिवर्तन हेतु केबिनेट की बैठक में मंजूरी उपरांत गौण खनिज के नियमों में संशोधन किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण, परिवहन के मामलों में प्रशमन की राशि में बढोत्तरी की गई है।

संशोधित नियमानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण के मामलों में, दोषी व्यक्ति द्वारा अपराध का प्रशमन कर प्रकरण समाप्त करना चाहता हो तो, न्यूनतम प्रशमन राशि जो किसी भी मामले में हो 25 हजार के कम नहीं होगी। परन्तु अवैध खनिज परिवहन के मामले में परिविहित खनिज मात्रा के विरूद्ध धारा 21 (5) अनुसार राशि के अतिरिक्त धारा 23 के अनुसार प्रति टन दो हजार रूपये की दर से प्रशमन राशि, किन्तु किसी भी मामले में पच्चीस हजार के कम नहीं होगी। स्पष्ट है कि खनिज नियमों के तहत न्यूनतम समझौता राशि 25 हजार से कम नहीं होगी। इसी तरह अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में जप्त वाहन, मशीन, खनिज या अन्य जप्त सामग्री को सुपुर्दी दिए जाने संबंधी अंतिम निर्णय के पूर्व किसी भी सक्षम न्यायायल को वाहन के प्रकार अनुरूप 50 हजार से 03 लाख रूपये तक जमानत राशि जमा नियम 46 (क) में निर्धारित सुरक्षा जमा मद में जमा कराये जाने उपरांत ही संलिप्त वाहन को सुपुर्दगी में दिया जा सकेगा।

▪ **वाहन छुड़ाने के लिए देनी होगी लाखों की जमानत**

शासकीय निर्माण कार्य हेतु उत्खनन अनुज्ञापत्र दिये जाने हेतु रकबा 01 हेक्टेयर से बढ़ा कर 02 हेक्टेयर तथा अनुज्ञापत्र की अवधि 02 वर्ष से बढ़ा कर 03 वर्ष किया गया है। खनिज अन्वेषण, व्यवस्थि विकास और बुनियाढ ढाँचे के विकास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्यास 2025 की स्थापना 12 सितंबर 2025 को की गई। इसके अंतर्गत गौण खनिज पट्टा एकत्रित रायल्टी को 02 प्रतिशत ट्रस्ट में जमा कराया जाएगा। विभिन्न रीति से उत्खनन पट्टे (जैसे बिना ई–नीलामी, निविदा अथवा ई–नीलामी, निविदा अथवा निजी भूमि के प्रकरणों) की स्वी—ति प्रीमियम राशि लिया जाकर किया जा रहा है। ऐसे में पट्टों का समामेलन करने से शासन को अलग–अलग मद में राशि प्राप्त होने से पट्टा समामेलन में व्यवहारिक कठिनाई आ रही थी। इसके दृष्टिगत नवीन प्रावधान किये गये है जिसके अनुसार 'जहां कोई समामेलित पट्ट, ई–नीलामी, निविदा अथवा प्रीमियम पर आधारित है, तो ऐसे पट्टे के समामेलित होने के पश्चात रायल्टी, डीएमएफ, एसएमईटी, नीलामी राशि प्रीमियम राशि देय होगी तथा ऐसी राशि का भुगतान करने की सहमति पर, संचालक द्वारा पट्टों का समामेलन अनुज्ञात करेगा। राज्य के निर्माण विभाग में रायल्टी कटौती एवं रायल्टी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जारी करने में एकरूपता सुनिश्चित किये जाने बावत नियम 71क में आवश्यक संशोधन किये गये है। संशोधित नियम के तहत बाजार मूल्य के बराबर राशि के स्थान पर शब्द रायल्टी, डीएमएफ, पर्यावरण उपकर, अंधोसंरचना विकास उपकर, एसएमईटी व अन्य कर के समतुल्य राशि प्रतिस्थापित किया गया है। गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व राशि का वितरण अब नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों के साथ–साथ जिला पंचायतों में उक्त राशि का वितरण किया जाएगा। बंद खदानों, निक्रिय खदानों हेतु डेंडरेंट (अनिवार्य भाटक) की दरों में 30 वर्षोंर् में बढोत्तरी की गई है, ताकि निक्रिय खदानों को वापस लेकर दोबारा नीलाम अथवा नवीन स्वीकृति के तहत खदान संचालन की अनुमति प्रदान की जा सके।

परिशिष्ट - ख - No. 1
व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही
IN THE COURT OF श्री प्रशांत कुमार देवांगन
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, बालोद
प्रो. न. 209/26

वाद के निपटारे के लिए समन
(O. 5, R. 1, 5.)

व्यवहार वाद अ/18/2026
मनहरण साहू वगै. 03 बनाम आम जनता जिसका मृतक पिताम्बर आ. दुरगुराम साहू
पेशी तारीख: 03-08-2026

To,
आम जनता जिसका मृतक पिताम्बर आ. दुरगुराम साहू Age, सांकरी थाना गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग., BALOD, CHHATTISGARH

जबकि मनहरण साहू वगै. 03 ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 03-08-2026 को दिन के 11:00 बजे, दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता हैं। आप न्यायालय में स्वयं या प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसकी साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है। वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन हैं। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता हैं कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 16-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की सील लगाकर जारी किया गया।

सील

(प्रशांत कुमार देवांगन)
व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी,
गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

# सिकोसा में तीन बूथों पर चला पल्स पोलियो अभियान

**सिकोसा।** ग्राम पंचायत सिकोसा में तीन बूथों पर पल्स पोलियो अभियान चलाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम पंचायत सिकोसा में तीन स्थानों पर पोलियो बूथ बनाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत सिकोसा के मुख्य बूथ में सरपंच प्रीतम ठाकुर द्वारा किया गया। पुराना हटरी चौक स्थित पोलियो बूथ का उद्घाटन उपसरपंच संजय बारले द्वारा किया गया, जबकि बस स्टेशन स्थित पोलियो बूथ का शुभारंभ लेखराम चंद्राकर के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम में सीएचओ भागवत साहू,



आरएचओ सरस्वती साहू तथा मितानिन कविता चंद्राकर, छुन्नी, सरोज, सोना, लता गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और अपनी सेवाएँ दीं। स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त सहयोग से अभियान का संचालन किया गया। इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने सभी 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और मजबूत बनाया जा सके।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## शाला देवरी ख में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**अण्डा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी ख में दिनांक 30 जून 2026 को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच कुसुम देशमुख, उपसरपंच अंशु गायकवाड़, प्राचार्य रीना वाणी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ललित कुमार साहू, उपाध्यक्ष धनेसवारी टंडन, एवं समिति सदस्य रोशन लाल सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकीय स्टाफ में व्याख्याता देशलहरे मैडम, प्रधान पाठक हेमकिरण चंद्राकर, इंदिरा वानखेड़े, सती चंद्राकर, श्वेता साहू, हानिता साहू, उमेश साहू, भूमिका साहू, सविता गायकवाड़ एवं छाया गायकवाड़ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। पूरे आयोजन में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

## फर्जी पट्टा बनाकर लोन लेने का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** फर्जी पट्टा तैयार कर गृह ऋण लेने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत तेलीगुंडरा की सरपंच हुलेश्वरी साहू ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें गांव के धनेश्वर कुमार निर्मलकर 1800 वर्गफुट भूमि का फर्जी पट्टा और पंचायत प्रमाण पत्र तैयार किया। उसे आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, न्यू दीपक नगर, दुर्ग में ऋण लेने पहुंचा। शिकायत की जांच के दौरान सरपंच एवं अन्य गवाहों के कथन लिए गए। पंचायत अभिलेखों के परीक्षण भी कराया गया, यह प्रमाणित हुआ कि पट्टा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा कभी जारी नहीं किया गया था। दस्तावेज पर अंकित मुहर एवं प्रमाणन भी ग्राम पंचायत का वास्तविक नहीं पाई गई। विवेचना के दौरान आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से आरोपी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां मिली। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के दस्तावेजों का परीक्षण बाद ऋण आवेदन स्वीकृत नहीं किया गया। मामले में पुलिस ने धनेश्वर कुमार निर्मवकर को गिरफ्तार किया गया।

## एक्टिवा ट्रैक्टर से टकराई, मौत

**भिलाई।** सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से एक्टिवा सवार वृद्ध के टकरा जाने से मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जुनवानी निवासी सुनील 59 वर्ष अपनी एक्टिवा में आ रहा था। इस दौरान चौहान पार्क ब्यू के सामने एक्टिवा सड़क पर खडे ट्रैक्टर सीजी 07 सीके 6708 के पीछे से टकरा गया। आसपास के लोगों ने वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया।

**आयोजन : भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा पर दिया गया विशेष जोर**

# वनांचल के आचार्यों को मिला संस्कारयुक्त शिक्षा का प्रशिक्षण, डौण्डीलोहारा में तीन दिवसीय वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्रों के आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 26 से 28 जून तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डौण्डीलोहारा में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत आचार्यों को भारतीय शिक्षा दर्शन, संस्कारयुक्त शिक्षण पद्धति तथा संगठनात्मक कार्यों के प्रति दक्ष बनाना रहा।

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेनी देवांगन, उपाध्यक्ष नवज्ञानोदय शिक्षण समिति डौण्डीलोहारा, अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डोमार सिंह साहू, विशेष अतिथि भोलाराम साहू, जिला समन्वयक पुषण लाल भुआर्य तथा तोषण लाल चुरेन्द्र के आतिथ्य में मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा टेकाम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत संकुल समन्वयक अमीरदास ने किया। मुख्य अतिथि बेनी देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का भी संवाहक है। उन्होंने कहा कि वनांचल एवं जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत आचार्य अत्यंत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा का दीप जलाकर समाज निर्माण का महान कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रसेवा का पुनीत अभियान बताते हुए कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों के कारण दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य वक्ता सियाराम सार्वा, प्रादेशिक सचिव, सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति, बिलासपुर ने कहा कि विद्या भारती आज पूरे देश में नगरीय, ग्रामीण, वनांचल एवं पिछड़ी बस्तियों तक भारतीय शिक्षा पद्धति का विस्तार कर रही है। वर्ष 1952 में प्रारंभ हुई यह संस्था आज शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का अभियान भी चला रही है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक संस्कारयुक्त शिक्षा पहुंचाना है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने कहा कि प्रशिक्षण किसी भी शिक्षक की कार्यक्षमता, व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्या भारती समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर आचार्यों को नवीन शिक्षण विधियों, संगठनात्मक कार्यों एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग एवं दानदाताओं के योगदान से संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षण कौशल, भारतीय जीवन मूल्य, संस्कार आधारित शिक्षा, विद्यालय संचालन, व्यक्तित्व विकास, संगठनात्मक कार्य, सामाजिक जागरण तथा राष्ट्र निर्माण जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आचार्यों ने समूह चर्चा, अभ्यास सत्र एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख अशोक सिन्हा, संकुल समन्वयक अमीरदास, तोषण चुरेन्द्र, पूजा, डोमन पिस्दा, हरिश्चंद्र, कश्यप सहित समस्त आचार्य-दीदी एवं विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर नवज्ञानोदय शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष डोमेन्द कुमार देशमुख सहित प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में जिला समन्वयक पुषण लाल भुआर्य ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, आचार्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के विस्तार में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

## सहकारिता सप्ताहः किसानों को बांटे गए चेकबुक और एटीएम कार्ड




**अण्डा।** सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आज ग्राम परसदा स्थित सेवा सहकारी समिति क्रमांक 290 में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत एवं भाजपा मंडल ओटेबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं सहकारिता ध्वज के ध्वजारोहण के साथ की गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को चेकबुक एवं एटीएम कार्ड वितरित किए गए, जिससे किसानों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। मुख्य अतिथि कुलदीप साहू ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहयोग कर रही है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान ओंकार साहू, गोपी देशमुख, जनक साहू, मोहन साहू, बरसन साहू, हेमाराम ठाकुर, ढेलुराम साहू, दीपक साहू, योगेश देसलहरा, गिरधर साहू, तेजराम, लेखूराम, सुरेश कुमार पटेल, राजेंद्र पटेल, उज्जवल पटेल और जोगीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। साथ ही सेवा सहकारी समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर चंद्रकिरण साहू, धनंजय साहू, लिपिक जगदेव साहू, नारद साहू एवं विक्रेता भारत यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# अछोली में हर्षोल्लास के साथ मनाया सद्गुरु कबीर प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम अछोली में सोमवार, 29 जून को सद्गुरु कबीर प्रकट्य दिवस श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बस स्टैंड परिसर में जलपान, शरबत, हलवा-पूड़ी एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। राहगीरों, बस यात्रियों तथा आने-जाने वाले सभी लोगों को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित कर सद्गुरु कबीर के मानवता, समानता एवं सद्भाव के संदेश का प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में एसकेडीवी मिशन एवं सद्गुरु कबीर नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष षटबदन साहू, उपाध्यक्ष चुरेन्द्र साहू, सचिव गेवेन्द्र दास मानिकपुरी, सर्वराकार डॉ. रोशन लाल साहू, हरीश कुमार सोनबोइर, तामेश्वर साहू, पुरंजन साहू तथा संरक्षक रामप्रसाद साहू, ईश्वर हदगिया एवं प्रमोद साहू ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अमीन माता महिला मंडल की रेवती बाई साहू, जानकी बाई भण्डारी, अनसुईया, छोटी परसगिया, चंपा बाई रावटे, भूमिका साहू, प्रभा साहू, गिरजा साहू, गणेशिया बाई पंच, लीला बाई साहू, कुमारी बाई, हुलेश्वरी, भूमिका, एशिका साहू, त्रशिका मानिकपुरी एवं पोहिमा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर ग्रामवासी नवनीत साहू, संदीप साहू, सेवन्त साहू, चमन दास मानिकपुरी, कुंजलाल भण्डारी, मोनू निषाद, डॉ. लोकेश साहू, पप्पू उइके, यशवंत यादव एवं अमन निषाद सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि मनोज भण्डारी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुंद राम सोनवानी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने सद्गुरु कबीर के विचारों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं मानव सेवा का संदेश दिया तथा आयोजन की सराहना की।

**सहकार भारती जिला कार्यकारिणी गठित**

# जितेंद्र साहू बने जिलाध्यक्ष, पुष्पलता बघेल को मिली जिला महिला प्रमुख की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/देवरी







सहकार भारती जिला बालोद की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जितेंद्र साहू जिला अध्यक्ष, पुष्पलता बघेल जिला महिला प्रमुख चुनी गई। इस अवसर पर सहकार भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनकी देख रेख में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

- सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

नवगठित कार्यकारिणी में रूपेश कुमार सिन्हा जिला मंत्री, हरदेव लाल साहू जिला मंत्री, जागेश्वर साहू जिला कोषाध्यक्ष, दीपक देवांगन जिला उपाध्यक्ष, लोकेश साहू कार्यालय प्रभारी, कमलेश गौतम दुग्ध संघ जिला संयोजक, नरेश कुमार देवांगन बुनकर संघ जिला संयोजक, गोकुल ठाकुर वन उपज समिति जिला संयोजक, तोमिन साहू जिला महिला महामंत्री तथा दारा सिंह को डौंडी लोहारा मंडल संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनियुक्त जिला महिला प्रमुख पुष्पलता बघेल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारिता की भावना को जन–जन तक पहुँचाने, महिलाओं को संगठन से जोड़ने तथा सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगी। कार्यक्रम में सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री कनिराम, छत्तीसगढ़ राज्य सहकार संघ के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कार्यवाहक प्रमुख प्रमोद कुमार साहू सहित सहकार भारती के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन की निरंतर प्रगति की कामना की।

## कबीर जयंती पर रेंगाडबरी में खिचड़ी प्रसाद का वितरण, श्रद्धालुओं ने संत कबीर को किया नमन

**डौण्डीलोहारा।** संत शिरोमणि कबीरदास जी की जयंती के अवसर पर ग्राम रेंगाडबरी के बाजार चौक में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंगचुवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष घनश्याम दास मानिकपुरी एवं उनके परिवार के सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संत कबीर को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

- घनश्याम दास मानिकपुरी के नेतृत्व में सेवा कार्य, समता, भाईचारे और मानवता के संदेश को अपनाने का आह्वान



इस अवसर पर घनश्याम दास मानिकपुरी ने कहा कि संत कबीरदास ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को समता, भाईचारा, प्रेम, सत्य और मानवता का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए सभी लोगों को एकता और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आज के समय में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं तथा समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में परिवार की अरूणा बाई मानिकपुरी एवं यमुना सिन्हा ने भी सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने बताया कि कबीर जयंती के अवसर पर जरूरतमंदों, राहगीरों एवं ग्रामीणों के बीच प्रसाद वितरण कर मानव सेवा का संकल्प लिया गया है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने संत कबीरदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और सेवा भावना को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताया।

## मयंक कुमार सिन्हा का अग्निवीर में चयन

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा निवासी मयंक कुमार सिन्हा का चयन अग्निवीर में होने पर ग्राम में आर्शीवाद एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संगीता सिन्हा थी, विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण साहू थे। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा आज ग्रामीण क्षेत्रें से बड़ी संख्या मे युवा देश की सेवा का भाव लेकर अग्निवीर के रुप मे जा रहे है। मयंक कुमार सिन्हा ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से न केवल अपने माता पिता का बल्कि पूरे ग्राम बोड़रा और बालोद जिले का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर उनके दादा रामू लाल सिन्हा, दादी केकती सिन्हा, पापा पुरनान सिन्हा, माता जानकी सिन्हा, बड़े पापा संतोश सिन्हा, ग्राम सरपंच टिकेश्वरी सिन्हा तथा पंचगण उपस्थित थे। प्रशिक्षध के लिए जाने के पुर्व मयंक कुमार ने ग्राम के देव स्थलों मे पूजन किया एवं ग्राम के बुजुर्गों का आशिर्वाद लिया।



## जगतरा हाईस्कूल में किया निःशुल्क साइकिल वितरण



**गुरुर।** शासकीय हाईस्कूल जगतरा में सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत पात्र कक्षा नवमी अध्ययनरत 10 छात्रओं को सत्र 2026–27 हेतु निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव, पंचायत प्रतिनिधि आनंद राम पोया, पालकगण प्राचार्य मन्नालाल ठाकुर, व्याख्याता केएस कटेन्द्र, राजीव कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। प्राचार्य मन्नालाल ठाकुर ने निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के बारे में विस्तार से छात्रओं एवं पालकों को जानकारी प्रदान किये एवं प्रतिदिन नियमित शाला आने तथा यातायात नियमों का पालन करने कहा।

## शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब के साथ महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम दमोदा पारधी पारा में महिला अपने घर के सामने गौठान के पास शराब बेच रही थी। उसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी का नाम दमोदा पारधी पारा, चौकी नगपुरा निवासी रायपुरहीन पवार है। देशी मसाला शराब शोले के 35 पौवा, नगदी राशि 560 रुपए कुल रकम 4,060 रुपए जब्त किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत एवं छात्राओं को साइकिल वितरित**

# सेजेस अछोली में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस अछोली में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य श्री आर.एल. ताम्रकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर उज्ज्वल भविष्य निर्माण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, वहीं कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। अतिथियों ने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कांती ओमप्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य रामजी लाल नायक, सरपंच उनीता भंडारी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष निरंजन लाल वर्मा, मनोज भंडारी, रोशन साहू, हेमलाल देशलहरा एवं शिवना सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता वी.के. गांगबे, खरे, यादव, वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने अनुशासन का पालन करने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411